कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय, उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण),बदायूँ।
मा0 कांशीराम आवासीय कालोनी के पीछे, ग्राम–खेड़ा बुजुर्ग, बदायूँ–243601
e-mail – eejalnigambudaun@gmail.com

पत्रांक 1892 / JJM / 85 दिनाँक–09-06-2026

सेवा में,
जिलाधिकारी महोदय,
जनपद– बदायूँ।

विषय– दिनाँक– 08.06.2026 को दैनिक भास्कर समाचार में प्रकाशित खबर के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनाँक– 08.06.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित समाचार **"दो साल बाद भी अधूरी जल जीवन मिशन की योजनाः पीपरी रघुनाथ में जलापूर्ति शुरू नहीं, टूटी सड़कें बनी ग्रामीणो की परेशानीं"** के सम्बन्ध में विवरण निम्नानुसार है:–

**1– विकास खण्ड– बिसौली की पीपरी रघुनाथपुर पेयजल योजनाः–** पीपरी रघुनाथपुर पेयजल योजना जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन है, जिसमें वर्तमान तक बाउण्ड्रीवॉल, पम्प हाउस, पाइप लाइन एवं गृह संयोजन का कार्य पूर्ण है तथा अवर जलाशय के कार्य टॉप डोम तक पूर्ण करा दिया गया है। उक्त ग्राम में पेयजलापूर्ति सुचारू रूप से की जा रही थी, परन्तु सोलर पैनल के तार चोरी हो जाने के कारण पेयजलापूर्ति बाधित है। सोलर पैनल के तारों को ठीक कराने हेतु कार्यदायी फर्म को निर्देशित किया गया है, जिसमें फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि चार से पाँच दिन में निराकरण कर पेयजलापूर्ति नियमित रूप से प्रारम्भ कराई जाएगी। इसके अतिरिक्त अवगत कराना है कि अवर जलाशय से पेयजलापूर्ति प्रारम्भ करने हेतु राइजिग मेन जोडने एवे सडक मरम्मत का कार्य एक सप्ताह में प्रारम्भ कर 15 दिन में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। (**फोटोग्राफ संलग्न**)।

**संलग्नक– उपरोक्तानुसार।**

भवदीय


(अमित कुमार वर्मा)
अधिशासी अभियन्ता


**पृ0सं0 एवं दिनाँक– उपरोक्तानुसार।**
**प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**


1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), लखनऊ।
2– मुख्य अभियन्ता (मुरा0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण), मुरादाबाद।
3– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बरेली।
4– मुख्य विकास अधिकारी महोदया, बदायूँ।
5– सम्बन्धित सहायक अभियन्ता / जूनियर इंजीनियर (खण्डान्तर्गत)।
6– मै0 पी0एन0सी0– एस0पी0एम0एल0 जे0वी0, बदायूँ को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त कार्यों को प्राथमिकता पर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

विकास खण्ड– बिसौली की ग्राम पंचायत– पीपरी रघुनाथपुर





Time 09-06-2026 13:58
Note: gp- Pipri Raghunathpur
Block -Bisauli

# दो साल बाद भी अधूरी जल जीवन मिशन की योजना: पीपरी रघुनाथपुर में जलापूर्ति शुरू नहीं, टूटी सड़कें बनीं ग्रामीणों की परेशानी; जांच के आदेश

बदायूं 08/06




शेयर

बदायूँ के बिसौली विकास खंड स्थित पीपरी रघुनाथपुर गांव में जल जीवन मिशन के कार्यों को लेकर ग्रामीणों में असंतोष है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव में बनी पानी की टंकी से